www.bmu.ac.in

# BMU

## BABA MASTNATH UNIVERSITY

# PRESS RELEASE

**22 June, 2022**

## Punjab Kesari



बाबा मस्तनाथ विवि में योगाभ्यास करती कुलाधिपति प्रतिनिधि डा. अंजना राव व अन्य।

### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में योग दिवस पर मनाया अवतरण दिवस

रोहतक, 21 जून (दीपक) : बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति, ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी का अवतरण दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया।

विश्वविद्यालय की प्रति कुलाधिपति डा. अंजना राव, कुलपति प्रो. रमेश कुमार यादव, रजिस्ट्रार डा. इंद्रजीत सिंह, एडवाइजर ओ.पी. सचदेवा, परीक्षा नियंत्रक डा. मुकेश सिंगला, डीन एकेडमिक डा. नवीन कुमार शर्मा, डीन स्टूडेंट वैल्फेयर डा. रवि राणा, मानविकी संकाय के डीन डा. बी.एम. यादव, आयुर्वेद के डीन डा. नीरज खरे सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने महंत चांदनाथ योगी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस मौके पर डा. ललित कुमार, डा. सुभाष चंद्र गुप्ता, डा. देवेंद्र कुमार वशिष्ठ, डा. पवन जलवाल, डा. अरुणा आंचल, डा. राजीव अरोड़ा, डा. कृष्णा देवी, डा. नवदीप बिसला, डा. मनोज कुमार वर्मा, डा. सोनिया सरोहा, डा. सोनम बिसला सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### लालनाथ हिंदू कालेज में शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

लाल नाथ हिंदू कॉलेज में योग प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, एन.सी.सी, एन.एस.एस, वाई.आर.सी एवं हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के सौजन्य से प्राचार्या डा. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करवाया गया।

उन्होंने कहा कि योग ऐसा प्रभावशाली अभ्यास है जिसके माध्यम से शरीर के समस्त अंगों मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बना रहता है। इस अवसर पर हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान सुदर्शन धींगड़ा, पूर्व प्रधान राजेश कुमार सहगल, सचिव जितेंद्र मेहता, मैनेजर श्याम कपूर, मैनेजर नंदलाल गिरधर, अजय निझावन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## Dainik Tribune

### महंत चांदनाथ का अवतरण दिवस मनाया

रोहतक (हप्र) : श्री बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू) के आयुर्वेदिक कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग- दिवस एवम् विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति, ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी का अवतरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की प्रो. चांसलर डॉ. अंजना राव, कुलपति प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार यादव, रजिस्ट्रार- डॉ. इंद्रजीत सिंह, ओपी सचदेवा, मुकेश सिंगला, नवीन कुमार शर्मा, रवि राणा, बीएम यादव, नीरज खरे सहित स्टाफ सदस्यों ने चांदनाथ के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अंजना राव ने कहा कि योग हमारे जीवन का मूल आधार है। यह हमारे जीवन में स्वास्थ्य और संतुलन का कार्य करता है।

## HARI BHOOMI

### बीएमएयू में योग दिवस और ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी का मनाया अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ›› रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग-दिवस एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति, ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी का अवतरण दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. अंजना राव, कुलपति प्रो. डॉ. रमेश कुमार यादव, रजिस्ट्रार डॉ. इंद्रजीत सिंह, एडवाइजर ओपी सचदेवा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सिंगला, डीन एकेडमिक डॉ. नवीन कुमार शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. रवि राणा, मानविकी संकाय के डीन डॉ. बीएम यादव, आयुर्वेद के डीन डॉ. नीरज खरे सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने परम पूज्य महंत चांदनाथ योगी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वविद्यालय की उप कुलाधिपति डॉ. अंजना राव ने ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ की सदाशिक्षा को याद करते हुए बताया कि बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी का राष्ट्रीय पटल पर बढ़ता प्रभाव उनके मेहनत और दूरदर्शिता का ही परिणाम है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि हमारे जीवन में योग का बहुत ही विशेष महत्व है। योग अनादि काल से भारतीय परंपरा का अंग रहा है। कुलसचिव डॉ. इंद्रजीत सिंह ने बताया कि कहा कि हमारा शरीर एक मशीन की तरह है जैसे बिना देखभाल के जैसे मशीन खराब हो जाती है उसी तरह अगर हम अपने शरीर का ध्यान नहीं रखेंगे तो वह भी क्रिया हीन हो जाएगा।



## Oscar News line

### बीएमएयू में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और ब्रह्मलीन महंत चाँदनाथ जी योगी का अवतरण दिवस मनाया गया



## Amar Ujala

न्यूज डायरी

### महंत चांदनाथ का अवतरण दिवस मनाया

रोहतक। बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस व बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति, ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी का अवतरण दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. अंजना राव, कुलपति प्रो. (डॉ.) रमेश कुमार यादव, रजिस्ट्रार डॉ. इंद्रजीत सिंह, एडवाइजर ओपी सचदेवा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सिंगला, डीन एकेडमिक डॉ. नवीन कुमार शर्मा भी इस मौके पर मौजूद थे। ब्यूरो




Asthal Bohar, Rohtak, NH-10 NCR, Haryana, 124021 INDIA admissions2022@bmu.ac.in

/officialbmu /officialbmu /officialbmu